>

Title: Need to start a new train from Nazibabad to Mumbai via Muradabad and Delhi.

श्री यशवीर सिंह (नगीना): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। जिस दिन से मैंने इस सदन की शपथ ली, उसी दिन से मैं सिर्फ एक मांग करता आया। आज रेल मंत्री जी भी यहां बैठे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मेरा क्षेत्र मुस्लिम बाहुल्य है। मेरे क्षेत्र में मुसलमान बहुत हैं। वे मुसलमान मुंबई एवं पुणे जाकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह मांग है कि एक ट्रेन नज़ीबाबाद से वाया मुरादाबाद, वाया दिल्ली मुंबई के लिए सीधी चला दें, जिससे मेरे क्षेत्र के मुसलमानों की दिक्कतों का समाधान हो सके।